MOU between Bacet and IT-Scient

बीएसीइटी और आइटी-साइंट के बीच एमओयू

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजीजी, जमशेदपुर (बीएसीइटी) एवं आईटी-साइंट के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) हस्ताक्षर किया गया। एमओयू पर बीएसीइटी की तरफ से चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह और आईटी- साइंट की तरफ से फाउंडर एंड सीइओ अरुण कुमार गिरी, यूएसए ने ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर किये।

एमओयू पर हस्ताक्षर करने के पश्चात बीएसीइटी के चेयरमैन डा शिव कुमार सिंह ने बताया कि इस एमओयु के अंतर्गत आईटी- साइंट की तरफ से कॉलेज के छात्रों एवं शिक्षकों को सामान्य प्रशिक्षण देने के अलावा कॉलेज कैंपस में टेक्नोलजी सेंटर खोलेगी। टेक्नोलोजी सेंटर के जरिए वर्तमान एवं भविष्य में आने वाले आधुनिक तकनीकी के द्वारा छात्रों एवं शिक्षकों को सॉफ्टवेयर से संबंधित वैश्विक गुणवत्ता का प्रशिक्षण दिया जायेगा। यहां से प्रशिक्षण लेने वाले छात्रों को प्रशिक्षित करने के साथ साथ छात्रों को रोजगार भी मुहैया कराया जायेगा।

डा शिव कुमार सिंह ने एमओयू करार के लिए आइटी साइंट के फाउंडर एंड सीइओ अरुण कुमार गिरी के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि यह साझेदारी झारखंड में शैक्षिक संस्थान और आइटी कंपनी के बीच एक शानदार नजीर बनेगी।

आइटी साइंट के सीइओ अरुण कुमार गिरी ने इस अवसर पर बीएसीइटी जैसे संस्थान के साथ जुड़ाव को लेकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि आइटी साइंट परिवार बीएससीइटी परिवार से सिनर्जी करके गर्व की अनुभूति कर रहा है। हमारा प्रयास होगा कि बीएसीइटी के स्टुडेंट को हम ग्लोबल एक्सपोजर पाने लायक बनायें।

बीएसीइटी के जमशेदपुर कार्यालय में एमओयू के आदान-प्रदान करने के लिए कंपनी के डायरेक्टर सुमंत कुमार उपस्थित थे। सुमंत ने इस अवसर को ऐतिहासिक बताया और कहा कि आइटी साइंट निश्चित रुप से झारखंड के निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों में विश्वसनीय ब्रांड की हैसियत रखने वाले बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी से जुड़ कर गर्व की अनुभूति कर रहा है।

एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर सीपीएन सिंह, महासचिव, बिहार एसोसिएशन एवं आइटी साइंट के डायरेक्टर सुमंत कुमार सिंह विशेष रुप से उपस्थित थे। कंपनी की ओर से एमओयू पर दस्तावेज का आदान प्रदान सुमंत कुमार सिंह ने डॉ एसके सिंह के साथ किया।

एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद दस्तावेज का आदान-प्रदान करते बीएसीइटी के चेयरमैन डॉ एसके सिंह और आइटी साइंट के डायरेक्टर सुमंत कुमार।

बीएसीईटी व आइटी-साइंट अमेरिका के बीच हुआ एमओयू

संस, घाटशिला : बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर (बीएसीईटी) व आइटी-साइंट अमेरिका के बीच सोमवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस एमओयू के तहत आइटी-साइंट कॉलेज के छात्रों व शिक्षकों को सामान्य प्रशिक्षण देने के साथ-साथ कॉलेज कैंपस में टेक्नोलॉजी सेंटर खोलेगी। इसमे वर्तमान व भविष्य में आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रशिक्षित कर छात्रों को रोजगार भी मुहैया कराया जाएगा।

बीए इंजीनियरिंग कॉलेज व आइटी-साइंट में एमओयू

जमशेदपुर. बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीएसीइटी) व आइटी–साइंट अमेरिका के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) हस्ताक्षर किया गया. जिसमे कॉलेज की ओर से कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह जबकि आइटी–साइंट की ओर से आइटी साइंट के सीइओ अरुण कुमार गिरी ने ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर किये. इस एमओयू के अंतर्गत आइटी–साइंट कॉलेज के छात्रों व शिक्षकों को सामान्य प्रशिक्षण देने के अलावा कॉलेज कैंपस में टेक्नोलॉजी सेंटर खोलेगी, जिसमें वर्तमान एवं भविष्य में आने वाले आधुनिक तकनीक द्वारा प्रशिक्षित करने के साथ–साथ छात्रों को रोजगार भी मुहैया कराया जायेगा. इस अवसर पर बिहार एसोसिएशन के महासचिव सीपीएन सिंह के साथ ही आइटी साइंट कंपनी के निदेशक सुमंत कुमार सिंह उपस्थित थे.

बीए इंजीनियरिंग कॉलेज व आइटी साइंस अमेरिका के बीच ऑनलाइन एमओयू

गालूडीह. सोमवार को घुटिया स्थित बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीएसीइटी) एवं आइटी-साइंट के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया. इसमें कॉलेज की तरफ से चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह और आइटी-साइंट की ओर से अरुण कुमार गिरि सीइओ एंड फाउंडर, आइटी-साइंट एलएलसी, यूएसए ने ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर किया. इस एमओयू के अंतर्गत आइटी-साइंट कॉलेज के छात्रों एवं शिक्षकों को सामान्य प्रशिक्षण देने के अलावा कॉलेज कैंपस में टेक्नोलॉजी सेंटर खोलेगी. इसमें वर्तमान एवं भविष्य में आने वाले आधुनिक तकनीकी द्वारा प्रशिक्षित करने के साथ-साथ छात्रों को रोजगार भी मुहैया कराया जायेगा. इस अवसर पर बिहार एसोसिएशन के महासचिव सीपीएन सिंह एवं निदेशक आइटी-साइंस सुमंत कुमार सिंह उपस्थित थे.